जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/एफ/प्रशा/प्रवेश/2012/ दिनांक..............

प्रति,
प्राचार्य/प्राचार्या,
जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध,
समस्त महाविद्यालय।

विषय – वार्षिक प्रतिवेदन 2011-12 हेतु जानकारी भेजने बाबत्।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय का वर्ष 2011-12 का वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाना हैं जिसमें निम्नलिखित विवरण प्रकाशित होना आवश्यक है :-

1. महाविद्यालय का संक्षेप में इतिहास तथा स्थापना वर्ष।
2. प्राचार्य का नाम (यदि प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य दिया गया हो तो स्पष्ट अंकित किया जाये) एवं प्राध्यापकों की विषयवार संख्या भी दी जाये।
3. स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के उन विषयों का विवरण जिनके अध्ययन हेतु महाविद्यालय को सम्बद्धता है तथा वे विषय जिनमें शोध सुविधायें उपलब्ध है और शोध केन्द्र के रूप में मान्य है।
4. छात्रों की संख्या (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के विवरण सहित)
5. पुस्तकालय की स्थिति।
6. परीक्षा परिणाम।
7. अन्य विशेष कार्यक्रम तथा विशेष गतिविधियां जो प्रकाशन योग्य हों तो उनके विवरण अलग से टाइप कराकर भेजे जा सकते हैं।

वार्षिक प्रतिवेदन शासन के विभिन्न विभागों की ओर भेजने के अतिरिक्त विधानसभा पटल पर भी रखे जाते हैं। पूर्व वर्षो में आपकी ओर से यह जानकारियां कई स्मरण पत्र भेजने के पश्चात् प्राप्त हुई है। कृपया इस प्रकार की प्रवृत्ति की पुर्नावृत्ति न हो।

शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार यदि शासकीय महाविद्यालय निर्धारित समय-सीमा में जानकारी विश्वविद्यालय में नहीं भेजते हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य की वेतन वृद्धि रोकी जाने हेतु शासन को सूचना भेजी जावेगी तथा अशासकीय महाविद्यालय यदि समय सीमा में जानकारी नहीं भेजते हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालयों की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

अतः निवेदन है कि कृपया व्यक्तिगत रूचि लेकर शीघ्रातिशीघ्र समस्त जानकारी दिनांक 10.08.2012 तक संलग्न प्रपत्रानुसार अनिवार्यतः जीवाजी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.jiwaji.edu में अपलोड करें।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

कुलसचिव

D:/Jitendra/Sharma Sir/Letter